*सादर प्रकाशनार्थ*

ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान का समापन सरगबुंदिया में....

कोरबाः 22/12/2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सानिध्य में उर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता सप्ताह का समापन अक्षय हास्पिटल सरगबुंदिया के सभागार में सम्पन्न हुआ। डॉ. के.सी.देबनाथ ने कहा कि सबसे बड़ी ऊर्जा का श्रोत परमात्मा शिव हैं, जोकि सम्पूर्ण जगत के पालनहार हैं उनकी याद से हमारे अंदर में आंतरिक सतोप्रधानता आती है। जिससे बाहरी स्वच्छता स्वतः ही आ जायेगी। ब्रह्माकुमारी बिन्दु बहन ने कहा कि मन को स्वच्छ और कर्म में स्वच्छता के संस्कार भरना ही इस अभियान का लक्ष्य है। भ्राता पुरूषोत्तम पटेल प्राचार्य शा.उ.मा.वि. तूमान ने कहा कि हमारे बच्चे ही हमारे देश की भावी ऊर्जा हैं, इनका मनोबल बढ़ाना और इनमें जागृति लाना ही हम सभी का कर्तव्य है। भ्राता मनोज कुमार एम.डी.आर.टी, एल आई सी, जनार्दन प्रसाद दुबे वरिष्ठ शिक्षक, बहन ए.दत्ता व्याख्याता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। विषयः ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र स्तर पर आयोजित प्रतिस्पर्धा के परिणाम इस प्रकार हैं। विधा भाषणः प्रथम– अंजू पटेल 9वीं शा.उ.मा.वि. तुमान। द्वितीयः दीपा प्रजापति 10वीं शा.उ. मा.वि.बरपाली। तृतीयः प्रज्ञा महतो 9वीं शा.उ.मा.वि. सरगबुंदिया।

राजयोग केन्द्र बांकीमोंगरा के परिसर में आयोजित कार्यशाला में बहन रूपा देवी मनहर, पार्षद वार्ड कं. 66, बहन मृदुला शर्मा, शिक्षिका, ब्रह्माकुमारी राजश्री, ब्रह्माकुमारी कुसुम ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के बाद में जन–जागृति रैली भी निकाली गई।

साधना भवन गेवरा दीपका के सभागार में आयोजित कार्यशाला में भ्राता अनूप यादव उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दीपका, बहन ज्योति तिवारी मण्डल अध्यक्ष भाजपा, वीणा जायसवाल जिला सदस्य भाजपा, रमेश गुरूद्वान मण्डल महामंत्री भाजपा, विजय जायसवाल समाजसेवी, लक्ष्मण चन्द्रा प्रदेश सचिव भारतीय मजदूर संघ, वुधवारा देवांगन एल्डरमेन न.पा.प.दीपका, रेनु तिवारी प्राचार्या, ब्रह्माकुमारी कुसुम, ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के बाद में जन–जागृति रैली भी निकाली गई।

शा.हाई स्कूल रूमगरा में आयोजित कार्यशाला में बहन ऊषा नेताम प्राचार्या, उदयनाथ साहू व्याख्याता, घनश्याम प्रसाद श्रीवास शिक्षक ने अपने विचार व्यक्त किये। आयोजित प्रतिस्पर्धा के परिणाम इस प्रकार हैं। भाषणः प्रथम–शिवानी कंवर 10वीं एवं चित्रा कंवर 9वीं। द्वितीय– निकहत खातून 10वीं। तृतीय–साजिया परवीन 9वीं। निबंधः प्रथम–आकाश श्रीवास 10वीं । द्वितीयः दीपिका चन्द्रा 10वीं। तृतीयः

भारती कुमारी 10वीं। चित्रकलाः प्रथम–मो. कैफ 9वीं। द्वितीय–संतोषी कुमारी कैतवार 9वीं। तृतीय–सरस्वती यादव 10वों एवं कविता विश्वकर्मा 9वीं।

ब्रह्माकुमारी रूकमणी संचालिका कोरबा ने अभियान में सहयोगी बनने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कोरबा को स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 में प्रथम स्थान दिलाने के लिये शासन और नगर पालिक निगम के साथ सभी संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा। जिसमें आम नागरिक की सहभागिता भी सुनिश्चित करनी होगी। सम्पूर्ण अभियान में साईकिल चलाकर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया गया।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी